राजस्थान के पंचायत चुनावों में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहा

हनुमान बेनीवाल की आरएलपी व राजकुमार रोत की बीएपी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया

- मेवाड़ और मारवाड़ में कांग्रेस का प्रदर्शन शानदार रहा। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर व भीलवाड़ा में जिला परिषदों में कांग्रेस ने ''कमबैक'' किया। चित्तौड़गढ़, सिरोही, राजसमंद और जालौर जैसे भाजपा के मजबूत गढ़ों में भी कांग्रेस ने जीत हासिल की।

जयपुर, 20 नवम्बर। राजस्थान के ग्रामीण संग्राम, यानी पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस ने बंपर जीत दर्ज करते हुए जोरदार वापसी की है, जबकि सत्ताधारी भाजपा को करारा झटका लगा। जिला परिषद और पंचायत समिति, दोनों ही चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त हासिल की है।

पंचायत चुनावों में हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और राजकुमार रोत की भारत आदिवासी पार्टी जैसे छोटे दलों ने भी दमदार प्रदर्शन कर सियासी समीकरणों को दिलचस्प बना दिया है. खास बात यह है कि मुख्यमंत्री समेत केन्द्र और राज्य सरकार के कई दिग्गज मंत्रियों के इलाकों में भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है।

राजस्थान के ग्रामीण इलाकों के करीब दो करोड़ 48 लाख मतदाताओं ने अपने जनादेश से भाजपा को बड़ा झटका दिया है. मेवाड़ और मारवाड़ दोनों ही इलाकों में कांग्रेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और भीलवाड़ा जैसे बड़े जिलों में कांग्रेस ने जिला प्रमुख की सीट पर शानदार कमबैक किया है।

अजमेर की सीट भाजपा के खाते में गई है, जबकि उदयपुर में पार्टी किसी तरह बाल-बाल बची है। इसके अलावा, चित्तौड़गढ़, सिरोही, राजसमंद और जालौर जैसे भाजपा मजबूत गढ़ माने जाने वाले इलाकों में भी कांग्रेस ने बंपर जीत हासिल की है।

राजस्थान के 37 जिलों के 475 जिला परिषद सदस्यों और 419 पंचायत समितियों के 7543 वार्डों के परिणाम घोषित किए गए हैं। वहीं, चार जिलों के परिणाम फिलहाल होल्ड पर रखे गए हैं, जिन्हें दिसंबर में होने वाले पंचायत चुनावों के नतीजों के साथ जारी किया जाएगा।

जिला परिषद की 37 सीटों में से कांग्रेस ने 25, भाजपा ने 8 और निर्दलीय/अन्य ने 3 सीटों पर बढ़त हासिल की है। पिछली बार राजस्थान में 29 जिला परिषदों के चुनाव हुए थे, जिनमें भाजपा ने 16 और कांग्रेस ने 10 पर कब्जा जमाया था।

पंचायत समिति की कुल 419 सीटों में कांग्रेस ने 213, भाजपा ने 85 और निर्दलीयों ने 56 पंचायत समितियों में जीत का परचम लहराया है।

सियासी जानकारों के मुताबिक, पंचायत चुनावों में कांग्रेस ने अपने कोर वोट बैंक एससी, जाट, गुर्जर और मीणा समुदाय के साथ-साथ, भाजपा के परंपरागत माने जाने वाले राजपूत वोट बैंक में भी बड़ी सेंध लगाई है।

पंजाब के मुख्य सचिव और वित्त विभाग के प्रधान सचिव को ईडी का समन

नई दिल्ली, 20 नवंबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित संरक्षण, भ्रष्टाचार और सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामले में पंजाब के मुख्य सचिव और वित्त विभाग के प्रधान सचिव को समन जारी किया है। पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा को 26 नवंबर 2026 को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

ईडी की ओर से जारी समन में दोनों अधिकारियों को मामले से संबंधित जानकारी और तथ्यों के सिलसिले में तलब किया गया है। एजेंसी इस मामले में कथित संरक्षण और भ्रष्टाचार के साथ सरकारी खजाने को हुए नुकसान से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है।

सांस्कृतिक संबंध वैश्विक शांति की सबसे बड़ी गारंटी है - मोदी

प्रधानमंत्री ने एससीओ शिखर सम्मेलन में कहा कि साझा सभ्यतागत अनुभव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विविधता को स्वीकार करने की प्रेरणा हमें वेदों से मिलती है।

नई दिल्ली, 20 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन में कहा ऐसे समय में जब दुनिया में युद्ध और अशांति की चर्चाएं हावी हैं, हम भारत में सभ्यताओं के बीच संवाद और कनेक्टिविटी (संपर्क) पर चर्चा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया, यह पहला एससीओ सभ्यता संवाद मंच है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि सांस्कृतिक संबंध वैश्विक शांति की सबसे मजबूत गारंटी हैं। इससे इस आयोजन का महत्व और भी बढ़ जाता है।

पीएम मोदी ने विश्वास जताते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि यह मंच नए विचारों को प्रोत्साहित करेगा और सांस्कृतिक सहयोग के लिए नए अवसर पैदा करेगा। हमारे साझा सभ्यतागत अनुभव दुनिया को एक-दूसरे के करीब लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पीएम मोदी ने वेदों को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हुए कहा, भारत में, हम विविधता को स्वीकार करते हैं और उसका जश्न मनाते हैं। यह प्रेरणा हमें अपने वेदों से मिलती है। हमारे वेद कहते हैं... आइए हम सब मिलकर चलें, एक-दूसरे से संवाद करें, और हमारे विचार एक-दूसरे के साथ तालमेल में हों।

पीएम ने आगे कहा, हजारों वर्षों की अमूल्य विरासत हमारे देशों के संग्रहालयों, पुस्तकालयों और अभिलेखागारों में सुरक्षित है। प्राचीन पांडुलिपियां, दुर्लभ पुस्तकें, ऐतिहासिक दस्तावेज और कलाकृतियां हमारे आपसी संबंधों के कई पहलुओं को उजागर करती हैं।

भारत की पहली स्वदेशी बर्ड फ्लू वैक्सीन देश को समर्पित

- केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि मात्र 1 से 2 रुपये की बेहद किफायती कीमत वाली यह वैक्सीन बर्ड फ्लू के इस वेरिएंट की दुनिया की पहली वैक्सीन है जो पशुपालन क्षेत्र को सालाना होने वाले हजारों करोड़ रुपये के नुकसान से बचाएगी।

भोपाल, 20 नवंबर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बढ़ाते हुए, शुक्रवार को भोपाल में बर्ड फ्लू (एच5एन1) की देश की पहली स्वदेशी चिकन वैक्सीन राष्ट्र को समर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने भोपाल में 300 करोड़ रुपये की लागत से एक नई अत्याधुनिक प्रयोगशाला (लैब) स्थापित करने की भी घोषणा की। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि मात्र 1 से 2 रुपये की बेहद किफायती कीमत वाली यह वैक्सीन बर्ड फ्लू के इस वेरिएंट की दुनिया की पहली वैक्सीन है, जो देश के लाखों पोल्ट्री किसानों की आजीविका को सुरक्षित करने के साथ-साथ, पशुपालन क्षेत्र को सालाना होने वाले हजारों करोड़ रुपये के नुकसान से बचाएगी। भोपाल स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआईएचएसएडी-निषाद) की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि भोपाल का यह संस्थान आज भारत का कीर्ति स्तंभ बन गया है। पहले इस वैक्सीन का लोकार्पण दिल्ली से करने की योजना बन रही थी, लेकिन उन्होंने तय किया कि जिन वैज्ञानिकों ने भोपाल में दिन-रात एक करके इसे बनाया है, उन्हीं के बीच और भोपाल की जनता के सामने इसे राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

तेलंगाना के पूर्व विधायक से 30 लाख रुपये बरामद

नई दिल्ली, 20 नवंबर। तेलंगाना में 40.96 करोड़ रुपये के सरकारी धान के गबन से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खानापुर की पूर्व विधायक अजमेरा रेखा नाइक से जुड़ी फर्म एआरएस इंडस्ट्रीज और आवासीय परिसरों पर छापेमारी की है। शुक्रवार को शुरू हुई इस कार्रवाई में अब तक 30 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। निर्मल जिले में तलाशी अभियान जारी है। ईडी के अनुसार, तेलंगाना पुलिस की ओर से 19 अगस्त को खानापुर थाने में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें अजमेरा रेखा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(2), 316(5) और 318(4) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

यूक्रेन की राजधानी कीव पर रात भर हुए हमलों में 8 की मौत

पुतिन ने, इस सप्ताह क्रीमिया को रुस से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण पुल पर यूक्रेन के तीन हवाई हमलों के बाद हमलों का जवाब देने की चेतावनी दी थी

- रुस के इन हमलों में अपार्टमैंट बिल्डिंग चिकित्सा केन्द्रों, गोदामों और तीन पुलों को नुकसान पहुँचा है।

कीव, 20 नवंबर। रूस ने बृहस्पतिवार को रातभर कीव में मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए, जिनमें आठ लोगों की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये हमले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उस चेतावनी के कुछ घंटे बाद हुए, जिसमें उन्होंने इस सप्ताह क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण केर्च पुल पर यूक्रेन के तीन हवाई हमलों का जवाब देने की बात कही थी।

यूक्रेन ने कहा कि इन हमलों में राजधानी कीव में छह लोगों समेत कम से कम आठ नागरिकों की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हमलों में अपार्टमेंट इमारतों, चिकित्सा केन्द्रों, गोदामों और तीन पुलों को नुकसान पहुंचा। कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने बताया कि हमले में राजधानी के चार जिले प्रभावित हुए। इसके कारण बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई। ऊर्जा प्रदाता कंपनी डीटीईके ने कहा कि हमलों के बाद जिलों के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 400 से अधिक ड्रोन और 110 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। इनमें 27 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, जबकि कुछ में क्लस्टर वारहेड लगे थे, जो बड़े इलाके में दर्जनों छोटे बम फैलाते हैं।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने रात में यह हमला चीन में हुई कमजोर बैठकों और (पुतिन की) दुनिया का नक्शा किसी तरह नए सिरे से खींचने की कोशिश की वास्तविक विफलता के बाद किया।

मणिपुर में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 15 हुई

इंफाल, 20 नवंबर। मणिपुर के चंदेल जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 15 हो गई है। करीब 150 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। सभी का इलाज चल रहा है। मामला स्थानीय स्तर पर बनी शराब पीने से जुड़ा है। शक है कि शराब में जहरीला मेथनॉल मिला हुआ था। यह घटना चंदेल जिले के चकपी करोंग इलाके में हुई है। अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज इंफाल के शिजा अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, प्रभावित लोगों में ज्यादातर चंदेल जिले के चकपी करोंग और आसपास के इलाकों के रहने वाले हैं। इनमें वयस्क से लेकर अधेड़ उम्र के लोग शामिल हैं। अस्पताल लाए गए कई लोगों में मेथनॉल के जहर से जुड़े लक्षण मिले हैं। आशंका है कि उन्होंने ऐसी स्थानीय शराब पी थी, जिसमें जहरीला पदार्थ मिला हुआ था।

'मोटर दुर्घटना मुआवज़े ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जोशी ने बताया कि मोटर दुर्घटना से जुड़े एक मामले में एमएसीटी अधिकरण ने क्लेम याचिका तय करते हुए क्षतिपूर्ति राशि पर याचिका पेश करने की तिथि से ब्याज भी देने को कहा था। बीमा कंपनी ने इस ब्याज राशि पर टीडीएस काट लिया। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सामने आया कि हाईकोर्ट की अलग-अलग पीठ ने इस बिंदु पर अलग-अलग निर्णय दे रखे हैं। ऐसे में इस बिंदु को तय करने के लिए मामला फुल बेंच में भेजा गया था।

'दो से कम केस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुराने नोटिस को वापस ले लिया, जिसमें मतदाताओं को अदालत में पेश होने के साक्ष्य, जैसे 2 वकालतनामे या ऑर्डरशीट, पेश करने की बात की गई थी।

सुनवाई के दौरान चुनाव समिति के सदस्य, 'इलेक्शन ट्रिब्यूनल' के सदस्य, याचिकाकर्ता व हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की ओर से कहा गया कि बार एसोसिएशन के हित में यही होगा कि वही अधिवक्ता मतदाता सूची में जोड़े जायें जो अदालत में नियमित तौर पर कार्यरत हैं। हालांकि अधिवक्ता दिनेश पाठक की ओर से कहा गया कि बार एसोसिएशन के नियम सदस्यों को चुनावों में भाग लेने का हक देते हैं और उन पर अतिरिक्त ऐसी कोई शर्त नहीं लगाई जा सकती, जिससे उनका यह हक छीना जाये।

अदालत ने मामलों को सुनने के बाद कहा कि चुनाव समिति के पुराने नोटिस, जो दो वकालतनामे पेश करने की शर्त लगाते हैं, न्यायसंगत व विवेकपूर्ण हैं।

इसलिए इस शर्त को आगामी चुनाव में लागू किया जायेगा। अदालत ने कहा कि चुनाव समिति ने अधिवक्तओं को शपथ पत्र समेत, दो वकालतनामे पेश करने के लिए 23 नवंबर शाम 5 बजे तक का अतिरिक्त समय दिया है। अदालत ने कहा कि मतदाता सूची 24 नवंबर को जारी की जायेगी।

दिल्ली के ''मृत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रक्रिया निर्धारित है और पूरे देश में इसका पालन किया जाता रहा है। लेकिन अब अचानक चुनाव आयोग कह रहा है कि एएसडीडी सूची में ''शिफ्टेड'' श्रेणी में रखे गए मतदाता केवल एक ''एन्यूमरेशन फॉर्म'' (गणना फॉर्म) और उसके साथ एक अतिरिक्त घोषणा-पत्र (एनैक्सचर) भरकर अपना पुराना और नया पता बता सकते हैं। लेकिन समस्या यह है कि मौजूदा नियमों में इस तरह के एनैक्स्चर का कोई प्रावधान ही नहीं है। यहाँ तक कि दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने भी चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बताया है कि यह प्रक्रिया नियमों से अलग है। दिल्ली के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आयोग मुख्यालय में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर इन निर्देशों को लागू करने के लिए ईसीआईनेट, ईआरओनेट और बीएलओ ऐप में बदलाव करने की मांग की है।

देश में चीतों की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने लिखा कि बोत्सवाना से आई ढ ाई साल की मादा चीता केओएमजी-3 ने आज जंगल में चार स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि वह बोत्सवाना से आई पहली मादा चीता है जिसने बच्चों को जन्म दिया है।

चार राफेल विमान गायब होने का दावा गलत- पूर्व वायु सेना उप प्रमुख

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेवा में रहे एयर मार्शल तिवारी ने रिपोर्ट के स्रोतों पर सवाल उठाया।
- उन्होंने कहा कि इन्हीं सूचना देने वालों ने पहले पाकिस्तान के साथ संघर्ष में नष्ट हुए राफेल विमानों के खास नंबर बताए थे। बाद में उन्हीं नंबर वाले विमान अंतर्राष्ट्रीय सन्य अभ्यास में थे।

नई दिल्ली, 20 नवंबर। भारत के राफेल लड़ाकू विमानों को लेकर नई बहस छिड़ गई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि वायुसेना के 36 में से सिर्फ 32 राफेल ही इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हैं। यानी चार विमान कम हो गए हैं। लेकिन भारतीय वायुसेना के पूर्व उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी (सेवानिवृत्त) ने इस दावे को पूरी तरह गलत बताया है। उन्होंने रिपोर्ट में इस्तेमाल की गई जानकारी के स्रोतों पर भी सवाल उठाए। तिवारी पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेवा में थे।

वर्ल्ड एयर फोर्सेज की ताजा सूची में भारतीय वायुसेना के पास 32 राफेल विमान सक्रिय बताए गए हैं। हालांकि, इसमें संख्या घटाने की कोई वजह नहीं बताई गई है। इसके समर्थन में कोई सबूत भी नहीं दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के कुछ महीने बाद जारी पिछले संस्करण में 35 राफेल विमान सक्रिय बताए गए थे।

भारत ने फ्रांस से कुल 36 राफेल विमान खरीदे थे। इनमें 28 एक सीट वाले ईएच विमान हैं। बाकी आठ दो सीट वाले डीएच विमान हैं। नई सूची में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों की संख्या वाली तालिका में राफेल की संख्या घटाई गई है।

पूर्व वायुसेना उप प्रमुख तिवारी ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने रिपोर्ट तैयार करने वाले प्रकाशन से अपने सूचना स्रोतों की दोबारा जांच करने को कहा। उन्होंने बताया कि इन्हीं सूचना देने वालों ने पहले पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान नष्ट हुए राफेल विमानों के खास नंबर बताए थे। लेकिन बाद में उन्हीं नंबरों वाले विमान कई सैन्य अभ्यासों में शामिल हुए। इनमें अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास भी शामिल थे।

तिवारी ने स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह से जुड़ी गलत रिपोर्ट्स का भी जिक्र किया। वह भारतीय वायुसेना की पहली महिला राफेल पायलट हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शैक्षिणक योग्यता को 20 प्रतिशत और साक्षात्कार को 40 फीसदी वेटेज दिया गया था। याचिकाकर्ताओं ने इस फार्मूले को चुनौती देते हुए दलील दी थी कि राजस्थान मेडिकल सर्विस रूल्स, 1962 के नियम 19 में बाद में किए गए संशोधन को इस भर्ती पर भी लागू किया जाना चाहिए।

इस संशोधन में साक्षात्कार के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत वेटेज निर्धारित किया गया था। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने गत 27 अक्टूबर को दिए फैसले में आरपीएससी की चयन प्रक्रिया को वैध ठहराया था।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने बताया गया कि 43 विशेषज्ञताओं में 337 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है और प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की आवश्यकता है। कई चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं तथा शेष अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी।

फंड नहीं मिला तो स्पाइसजेट एक सप्ताह में बंद हो जायेगा

- दुबई की उड़ान बंद, भारत में चार में से तीन फ्लाइट कैंसिल।

नई दिल्ली, 20 नवंबर। आर्थिक संकट में घिरी स्पाइसजेट एयरलाइंस के लिए आने वाला एक सप्ताह बेहद अहम रहेगा। इसमें अगर एयरलाइंस को कहीं से फंड के रूप में ऑक्सीजन मिल गई तो उड़ानें बरकरार रहेंगी, वरना एयरलाइंस को शटडाउन करना पड़ सकता है। मामले में डीजीसीए ने भी 17 नवंबर को एयरलाइंस को नोटिस थमाकर एक हफ्ते में अपनी परफॉरमेंस सुधारने की चेतावनी दी है, नहीं तो उड़ानों को रोका जा सकता है। फिलहाल, डीजीसीए ने एयरलाइंस पर टिकट बुकिंग पर रोक नहीं लगाई है। लेकिन, हालात खराब होने से इंटरनेशनल रूट पर दुबई के रूप में बचे एकमात्र डेस्टिनेशन पर भी फ्लाइटों की आवाजाही पूरी तरह से बंद करनी पड़ गई है। जबकि डोमेस्टिक रूटों पर हर चार में से तीन फ्लाइट कैंसल और डिले हो रही हैं। सूत्रों ने बताया कि हालात सुधारने के लिए स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह ने सिविल एविएशन सेक्रेटरी समीर सिन्हा से भी मुलाकात की। मंत्रालय को बताया गया कि बैंक कर्ज नहीं दे रहे। अगर कहीं से भी पैसों का इंतजाम नहीं हुआ तो एक सप्ताह में एयरलाइंस को शटडाउन करना पड़ सकता है। फिलहाल, डीजीसीए ने टिकट बुकिंग पर रोक नहीं लगाई है। लेकिन, फ्लाइटों का कोई भरोसा नहीं, उड़ेंगी भी या नहीं।

बांग्लादेश के विदेश राज्यमंत्री के घर के बाहर आग लगाई

ढ ाका, 20 नवंबर। बांग्लादेश में हालात तनावपूर्ण हैं। आगजनी और बमबारी की घटनाएं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए चुनौती बनी हुई हैं। आगजनी की ताजा घटना विदेश राज्यमंत्री हुमायूं कबीर के घर के बाहर हुई है। वहीं, एक नेता के घर को बम से निशाना बनाया गया। छात्र विद्रोह और शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद सरकार अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा चुकी है।

प्रोथोम अलो, ढ ाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, आज तड़के सिलहट शहर के दरियापारा इलाके में विदेश राज्यमंत्री हुमायूं कबीर के घर की ओर जाने वाली गली के मुख्य गेट पर कुछ लोगों ने आग लगा दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 3:30 बजे हुई। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी संपत्ति को नुकसान पहुंचा।

पुलिस आंकड़ों के अनुसार बांग्लादेश में 7 से 18 नवंबर के बीच 78 जगहों पर देसी बम धमाके हुए, जबकि इन 12 दिनों में 74 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया।

हाई कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रश्नों की जांच स्वतंत्र विषय विशेषज्ञ समिति से कराई जाए और इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। याचिका में कहा गया कि यदि किसी प्रश्न के दो विकल्प सही पाए जाते हैं तो अभ्यर्थियों को बोनस अंक देकर संशोधित परिणाम और मेरिट सूची जारी की जाए। इसके अलावा, पेपर सेटर को ब्लैकलिस्ट करने, भर्ती का परिणाम जारी करने पर रोक लगाने और याचिकाकर्ता के लिए पद रिक्त रखने की भी गुहार की गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

'योगी आदित्यनाथ की माता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

योगी आदित्यनाथ के पिता आनंद सिंह बिष्ट का निधन 89 वर्ष की आयु में 20 अप्रैल 2020 को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज के दौरान हो गया था।

उस समय पूरे देश में कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लगा हुआ था। योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि मुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों और उस समय लागू पाबंदियों के कारण, वे अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे।

अपने पिता के निधन के बाद जारी एक बयान में उन्होंने परिवार के साथ मौजूद न रह पाने पर दुख जताया था और रिश्तेदारों से अपील की थी कि अंतिम संस्कार के दौरान कोविड-19 से जुड़े दिशा-निर्देशों का पालन करें।

21 अप्रैल 2020 को उत्तराखंड में आदित्यनाथ के पिता का अंतिम संस्कार किया गया था। परिवार के सबसे छोटे बेटे महेन्द्र मोहन ने अंतिम संस्कार की रस्में निभाई थीं।

योगी आदित्यनाथ के तीन भाई और तीन बहनें हैं। इनमें से अधिकतर राजनीति और सार्वजनिक चर्चाओं से दूर रहे हैं।

उनके छोटे भाई शैलेन्द्र मोहन भारतीय सेना में कार्यरत हैं। मीडिया की खबरों में उन्हें सूबेदार बताया गया है। वे अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी गोपनीयता बनाए रखते हैं और राजनीति में उनकी कोई भागीदारी नहीं है।

उनके एक और छोटे भाई महेन्द्र मोहन के बारे में बताया जाता है कि वे उत्तराखंड के एक स्कूल में काम करते हैं।

उन्होंने ही सावित्री देवी के निधन की पुष्टि की थी। वर्ष 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान, जब योगी आदित्यनाथ उत्तराखंड नहीं जा सके थे, तब उन्होंने ही अपने पिता का अंतिम संस्कार भी किया था।

भारतीय राजनीति में योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका होने के बावजूद, उनका परिवार काफी हद तक चुनावी राजनीति और सरकारी पदों से दूर रहा है।

उत्तराखंड में उनके भाई-बहनों का पेशेवर जीवन समय-समय पर लोगों का ध्यान खींचता रहा है, क्योंकि वे सब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की हाई प्रोफाइल राजनैतिक भूमिका से बिल्कुल भिन्न हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कई मौकों पर कहा है कि उत्तर प्रदेश और भारत के लोग ही उनका परिवार हैं। जहाँ उन्होंने धार्मिक और राजनीतिक रास्ता चुना, वहीं उनके परिवार के अधिकतर सदस्य उत्तराखंड में ही रहते और काम करते रहे। सावित्री देवी के निधन के बाद एक बार फिर, पंचूर गांव और देश के सबसे प्रमुख राजनीतिक नेताओं में शामिल योगी आदित्यनाथ की पारिवारिक पृष्ठभूमि की ओर लोगों का ध्यान गया है।

जनकपुर-अयोध्या ट्रेन से भारत-नेपाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- केवल नेपाल के साथ जयनगर-कांठमांडू रेल लाइन आंशिक रूप से चालू है। पाकिस्तान के साथ समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस काफी समय से निलंबित है।

इन दोनों तीर्थस्थलों को जोड़ने वाली 18 डिब्बों की ट्रेन भारत की ओर विद्युतीकृत रेल मार्गों पर पारंपरिक एलएचबी डिब्बों के साथ चलेगी, जबकि नेपाल की ओर इसमें डीजल इंजन का इस्तेमाल किया जाएगा।

भारतीय रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ''यह (रेल) सेवा रामायण सर्किट पर तीर्थयात्रियों की यात्रा को आसान बनाएगी और सीमा पार शिक्षा, व्यापार तथा पारिवारिक यात्राओं को बढ़ावा देगी।''

जहां चीन ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एल.ए.सी.) के पास तिब्बत ऑटोनॉमस रीजन (टीएआर) में रेलवे नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है, जबकि भारत की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की योजनाओं को कई बाधाओं का सामना करना पड़ा है। भारत और बांग्लादेश के बीच अगरतला-अखौरा रेल मार्ग पर मालगाड़ियों की सेवाएं और सीमा पार रेल परिचालन जारी है, लेकिन पहले संचालित रहीं तीनों यात्री रेल सेवाएं-मैत्री एक्सप्रेस, बंधन एक्सप्रेस और मिताली एक्सप्रेस-ढाका में 2024 में हुई राजनीतिक अशांति के बाद से बंद हैं। तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार के सत्ता संभालने के बाद नई दिल्ली और ढाका के संबंधों में आई तल्खी के कारण, बांग्लादेश में भारत की मदद से चल रही कई रेल परियोजनाओं में देरी हो रही है।

भारतीय रेलवे ने इस वर्ष अपनी सीमाओं के पास रेल पटरियां बिछाने और रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 45,000 करोड़ रुपये की एक बड़ी और दोहरे उपयोग वाली बुनियादी ढांचा निर्माण योजना शुरू की थी, लेकिन इस दिशा में प्रगति धीमी रही है। भूटान सीमा पर कोकराझार-गेलेफू-बनारहाट-समत्से रेल लाइन का निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है। म्यांमार सीमा पर स्थित जिरीबाम-इंफाल-मोरेह-आइजोल-जोरिनपुई रेल लाइन को अभी योजना और निर्माण के चरण में बताया जा रहा है। नेपाल के साथ जयनगर-बर्दीबास-जोगबनी-बिराटनगर-रक्सौल-काठमांडू रेल लाइन का केवल कुछ हिस्सा ही चालू है। भारत और पाकिस्तान के बीच चलने वाली दोनों यात्री रेल सेवाएं-अटारी-वाघा सीमा से होकर जाने वाली समझौता एक्सप्रेस और मुनाबाव से होकर जाने वाली थार एक्सप्रेस-अभी भी बंद हैं।

दूसरी ओर, चीन ने इस दिशा में तेजी से प्रगति की है। ल्हासा-न्यिंगची रेल लाइन 2021 में शुरू हुई थी, जिससे अरुणाचल प्रदेश के नजदीक तक हाई-स्पीड रेल संपर्क पहुंच गया है। चीन की अन्य परियोजनाओं में, निर्माणाधीन सिचुआन-तिब्बत रेलवे और 2,000 किलोमीटर लंबा शिनजियांग-तिब्बत रेल गलियारा शामिल है, जो लद्दाख और अक्साई चिन के नजदीक है। इस रेल लाइन को 2030 के दशक के मध्य तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

जनकपुर से अयोध्या के बीच चलने वाली नई साप्ताहिक ट्रेन भारत की ओर मौजूदा भारतीय रेलवे पटरियों का इस्तेमाल करेगी, जबकि नेपाल की ओर हाल ही में अपग्रेड की गई रेल लाइन पर चलेगी। इस रेल लाइन का निर्माण भारत द्वारा दिए गए 784 करोड़ रुपये के अनुदान से किया गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908